आपका VBM मतपत्र लौटना

मतदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे इस बात के लिए ज़िम्मेदार हैं कि उनके डाक-द्वारा-मतदान (वोट बाय मेंल- वीबीएम) मतपत्र कैसे लौटाए जाते हैं और किसके सुपुर्द वे अपने मतपत्र सौंपते हैं। Los Angeles काउंटी के रजिस्ट्रार-रिकॉर्डर/काउंटी क्लर्क, आपके मतपत्र को, एक डाकपेटी, आधिकारिक छोड़ने के बक्स (ड्रॉप बॉक्स), या मतपत्र बॉक्स में से किसी एक से वापस करने के लिए सलाह देता हैं।

मतदाता जो अपने VBM मतपत्र को वापस नहीं कर सकते, वे किसी भी व्यक्ति को अपने मतपत्र को वापस करने के लिए नामित कर सकते हैं जब तक कि उस व्यक्ति, समूह या संगठन को मतपत्र वापस करने के लिए कोई मुआवजा शामिल न हो।

किसी भी चुनाव के दौरान डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र को वापस करने के लिए कई अनुशंसित विकल्प हैं:

डाक द्वारा वापस भेजें।

अवश्य ही चुनाव दिवस से पहले डाकघर की मुहर लगा हुआ होना चाहिए। डाक-व्यय की आवश्यकता नहीं है।

किसी डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र डालने के बॉक्स ठिकाने पर वापस करें।

प्रत्येक चुनाव के पहले मतपत्र डालने के बॉक्स के ठिकानों की सूची LAvote.net पर उपलब्ध है।

चुनाव दिवस से पहले किसी भी दिन या चुनाव दिवस को किसी भी मतदान केन्द्र पर मतपत्र छोड़े (ड्रॉप-ऑफ करें)।

प्रत्येक चुनाव के पहले मतदान केन्द्रों की सूची LAvote.net पर उपलब्ध है।

हस्ताक्षर सत्यापन

मतदाताओं को अपने मतपत्र को वापस करने से पहले योग्यता शपथ पर हस्ताक्षर करने चाहिएं और डाक-द्वारा-मतदान करने के वापसी लिफाफे पर तारीख डालनी चाहिए। मतगणना के लिए मतपत्र को मंजूरी देने से पहले हर हस्ताक्षर का सत्यापन किया जाता है। यदि कोई हस्ताक्षर मौजूद नहीं है या यदि कोई हस्ताक्षर फाइल में मौजूद हस्ताक्षर से मेल नहीं खाता, तो काउन्टी द्वारा, प्रभावित मतदाता को सूचित किया जाएगा और मतदाता को एक वैध हस्ताक्षर प्रदान करने का एक अवसर प्रदान किया जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए, **LAvote.net** पर जाएँ

REGISTRAR-RECORDER/COUNTY CLERK · COUNTY OF LOS ANGELES · CALIFORNIA